संख्या-47/2024/4138/22-2-2023-17(1411)/2023

प्रेषक,

मदन मोहन,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/ महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक 16 अप्रैल 2024

विषय:- केन्द्रीय कारागार, बरेली में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी कल्यान उर्फ मुकेश पुत्र श्री श्यौदान, निवासी जनपद-बदायूं वर्तमान जनपद सम्भल की फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अधीक्षक (मु0), कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या-35583/प्रोबेशन-3-फार्म-ए/(एम-30-11-2023) दिनांक-11-12-2023 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार केन्द्रीय कारागार, बरेली में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी कल्यान उर्फ मुकेश पुत्र श्री श्यौदान, जो गगुर्रा, थाना-जरीफनगर, जनपद-बदायूं वर्तमान गगुर्रा थाना-गुन्नौर जनपद-सम्भल का निवासी है। दिनांक 08-04-2005 को बन्दी ने अपने 01 अन्य सहअभियुक्त के साथ मिलकर तमन्चे से गोली मारकर रमेशपाल सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-506/2005 में भा0द0वि0 की धारा-302 में मा0 अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोर्ट सं0-7 बदायूं के आदेश दिनांक 10-09-2008 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया। दिनांक 24-05-2022 तक बन्दी की आयु 41 वर्ष 08 माह है तथा बन्दी द्वारा दिनांक 24-05-2022 तक अपरिहार 17 वर्ष 01 माह 06 दिन तथा सपरिहार 21 वर्ष, 07 माह, 28 दिन की सजा भोगी गयी है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, एवं जिला मजिस्ट्रेट, सम्भल द्वारा मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में बन्दी द्वारा कारित अपराध समाज को व्यापक रूप से प्रभावित किये बिना व्यक्ति विशेष तक सीमित अपराध की श्रेणी में नहीं होने, भविष्य में अपराध करने की सम्भावना होने, बन्दी के जेल में निरूद्ध रहने पर कोई अप्रिय घटना कारित नहीं होने व समाज में भय व्याप्त नहीं होने की आख्या अंकित करते हुये समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

सिद्धदोष बंदी कल्यान उर्फ मुकेश पुत्र श्री श्यौदान की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई पर विचार-विमर्श किया गया। प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि दिनांक 08-04-2005 को बन्दी ने अपने 01 अन्य सहअभियुक्त के साथ मिलकर तमन्चे से गोली मारकर रमेशपाल सिंह नामक व्यक्ति की हत्या करने का जघन्य अपराध कारित किया गया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत सन्देश जायेगा। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी कल्यान उर्फ मुकेश पुत्र श्री श्यौदान को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

3- अत: उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि केन्द्रीय कारागार, बरेली में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी कल्यान उर्फ मुकेश (बन्दी संख्या-44943) पुत्र श्री श्यौदान, निवासी जनपद-बदायूं वर्तमान जनपद सम्भल को यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की फार्म-ए/लाइसेन्स पर मुक्ति सम्यक् विचारोपरान्त राज्यपाल महोदया द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तद्नुसार उसके फार्म-ए पर शासन के आदेश अंकित करके एतदद्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,
मदन मोहन
विशेष सचिव।

संख्या-47/2024/4138/22-2-2023 तद्दिनांक...

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट,बदायूं/सम्भल
2- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार बरेली।
3- निजी सचिव, मा0 मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
4- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
5- नोडल अधिकारी/अधीक्षक जिला कारागार, गाजियाबाद को मा0 उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में योजित रिट याचिका संख्या-336/2019 रशीदुल जफर उर्फ छोटा व अन्य सहबद्ध रिट याचिका सं0-67/2022 ईश्वरी प्रसाद उर्फ खन्ना व अन्य बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य में मा0 न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 06.09.2022 के सन्दर्भ में।
6- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
ममता श्रीवास्तव
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या-47/2024/4138/22-2-2023-17(1411)/2023

दिनांक 16 अप्रैल, 2024 का संलग्नक

सरकार के आदेश

केन्द्रीय कारागार, बरेली में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी कल्यान उर्फ मुकेश पुत्र श्री श्यौदान, निवासी-गगुर्रा, थाना-जरीफनगर, जनपद-बदायूं वर्तमान गगुर्रा थाना-गुन्नौर जनपद-सम्भल का निवासी है। दिनांक 08-04-2005 को बन्दी ने अपने 01 अन्य सहअभियुक्त के साथ मिलकर तमन्चे से गोली मारकर रमेशपाल सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-506/2005 में भा0द0वि0 की धारा-302 में मा0 अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोर्ट सं0-7 बदायूं के आदेश दिनांक 10-09-2008 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया। दिनांक 24-05-2022 तक बन्दी की आयु 41 वर्ष 08 माह है तथा बन्दी द्वारा दिनांक 24-05-2022 तक अपरिहार 17 वर्ष 01 माह 06 दिन तथा सपरिहार 21 वर्ष, 07 माह 28 दिन की सजा भोगी गयी है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, एवं जिला मजिस्ट्रेट, सम्भल द्वारा मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में बन्दी द्वारा कारित अपराध समाज को व्यापक रूप से प्रभावित किये बिना व्यक्ति विशेष तक सीमित अपराध की श्रेणी में नहीं होने, भविष्य में अपराध करने की सम्भावना होने, बन्दी के जेल में निरूद्ध रहने पर कोई अप्रिय घटना कारित नहीं होने व समाज में भय व्याप्त नहीं होने की आख्या अंकित करते हुये समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

सिद्धदोष बंदी कल्यान उर्फ मुकेश पुत्र श्री श्यौदान की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई पर विचार-विमर्श किया गया। प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि दिनांक 08-04-2005 को बन्दी ने अपने 01 अन्य सहअभियुक्त के साथ मिलकर तमन्चे से गोली मारकर रमेशपाल सिंह नामक व्यक्ति की हत्या करने का जघन्य अपराध कारित किया गया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत सन्देश जायेगा। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी कल्यान उर्फ मुकेश पुत्र श्री श्यौदान को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त राज्यपाल महोदया द्वारा बन्दी की फार्म-ए/लाइसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार कर दी गयी है।

मदन मोहन
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।